# कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक- 14.11.2023**

**थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा अभियुक्त सगीर पुत्र स्व0 हाजी मुहम्मद अमीन को गिरफ्तार कर 2 लैपटॉप, 1 मोबाइल व चार्जर बरामद किया गया**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 14/11/2023 को उ0नि0 श्री रामस्वरूप सिंह, उ0नि0 श्री अजीत प्रताप यादव, उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्र, का0 अजय कुमार, का0 गौरव भारती द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मकदूम बाबा के पास चाय की बंद दुकान के पास से अभियुक्त सगीर पुत्र स्व0 हाजी मुहम्मद अमीन निवासी सराय सुरजन बजरडीहा थाना भेलूपुर वाराणसी के पास से बरामद माल जो थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-0215/2023 धारा 380 भा0द0वि0 से सम्बन्धित होने के कारण, अभियोग उपरोक्त में 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी करते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय 03.10 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया ।

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान</u>** - दिनांक 14.11.2023 समय 03.10 बजे मकदूम बाबा के पास चाय की बंद दुकान के पास थाना क्षेत्र भेलूपुर।

**<u>अभियोग का संक्षिप्त विवरण -</u>**

श्री शिवम सोनकर पुत्र नत्थू लाल सोनकर निवासी कटेसर मुगलसराय जनपद चन्दौली ने लिखित सूचना दिया कि मेरी मोबाईल रिपेयरिंग कि दुकान नरेश शाव निवासी रामनगर के किराये के मकान में हैं दिनांक 28/10/2023 को मेरी दुकान में रखा हुआ पुराना मोबाईल व लैपटाप किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया हैं। इस सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा एक लिखित तहरीर दिया गया। वादी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0215/2023 धारा 380 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री रामस्वरूप सिंह को दिया गया।

**<u>अभियुक्त का विवरण</u>**

सगीर पुत्र स्व0 हाजी मुहम्मद अमीन निवासी सराय सुरजन बजरडीहा थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र 30 वर्ष

**<u>आपराधिक इतिहास ----</u>**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | अपराध का थाना |
|---|---|---|---|
| **01.** | 0119/2016 | 394/54/506 भा0द0वि0 | भेलूपुर |
| **02.** | 0091/2023 | 379/411 भा0द0वि0 | रामनगर |
| **03.** | 0128/2023 | 3 / 25 आर्म्स एक्ट | भेलूपुर |
| **04.** | 0302/2017 | 401 भा0द0वि0 | भेलूपुर |

## बरामदगी का विवरण – बरामदगी की कुल कीमती लगभग-1 लाख रूपये

**1-** एक अदद लैपटाप कीमती लगभग 40000/-

**2-** एक अदद लैपटाप कीमती लगभग 35000/-

**3-** एक अदद मोबाईल फोन vivo y33T कीमती लगभग 22000

**4-** एक अदद लैपटाप चार्जर HP कम्पनी कीमती लगभग 2500/-

**5-** 700 रूपया नगद

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्रा चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री अजीत प्रताप यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 अजय कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त कार्यालय**
**काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी**